प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आएंगे प्रयागराज

6,670 करोड़ की विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

प्रयागराज, 12 दिसंबर (भाषा)

महाकुंभ 2025 से पूर्व ढांचागत विकास को गति देने के प्रयासों के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 दिसंबर को प्रयागराज आएंगे और 6,670 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इनमें 10 नए फ्लाईओवर, पक्के घाट, गंगा नदी पर बना नया रेलवे पुल आदि शामिल हैं।

प्रेस सूचना कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री शुक्रवार दोपहर करीब 12:15 बजे संगम स्थल पर पूजा-अर्चना और दर्शन करेंगे। इसके बाद वह अक्षय वट वृक्ष स्थल पर पूजा करेंगे और फिर हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन और पूजा करेंगे। बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री दोपहर करीब 1:30 बजे महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का भ्रमण करेंगे और इसके बाद दोपहर करीब दो बजे प्रयागराज में 6,670 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुरुआत करेंगे। स्वच्छ और निर्मल गंगा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री गंगा नदी की ओर जाने वाले छोटे नालों को रोकने, टैप करने, मोड़ने और ट्रीटमेंट की परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। वह पेयजल और बिजली से संबंधित विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री अपनी प्रयागराज यात्रा में भारद्वाज आश्रम गलियारा, श्रृंगवेरपुर धाम गलियारा, अक्षयवट गलियारा और हनुमान मंदिर गलियारा का भी उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं से श्रद्धालुओं की इन स्थानों पर पहुंच आसान होगी और आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री कुंभ 'सहायक' चैटबाट का भी शुभारंभ करेंगे। यह चैटबाट महाकुंभ मेला के बारे में श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन और कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान करेगा।

प्रयागराज में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा की पूर्व संध्या पर संगम पर तैयारियों का जायजा लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने महाकुंभ की तैयारियां परखी

महाकुम्भ नगर, 12 दिसंबर (भाषा)। संगम की रेती पर लगने जा रहे विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से एक दिन पूर्व गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ नगर पहुंचे और सभी जरूरी तैयारियों का जायजा लिया। सूचना विभाग द्वारा जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद संगम पर श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करवाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। लोगों को विधिवत पूजा पाठ करने के लिए कहीं भटकना न पड़े, इसके लिए यहां पर ब्राह्मण, पुरोहित और पंडा मौजूद रहेंगे। एसडीएम महाकुंभनगर, अभिनव पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि संगम स्नान के दौरान देश-विदेश से आने वाली महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए, इसके लिए संगम पर वस्त्र बदलने की भी व्यवस्था होगी। पाठक ने बताया कि इसके अलावा संगम से पुरानी और जर्जर नावें हटाई जा रही हैं और इनके स्थान पर फ्लोटिंग जेटी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही उसे आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रकार के फूलों से सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने संगम तट पर तैयारियों, प्रधानमंत्री की सभा के लिए बने आयोजन स्थल, गंगा रीवर फ्रंट और मेला क्षेत्र में बने अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने लेटे हनुमान जी का भी दर्शन किया।